संचालनालय, महिला एवं बाल विकास इन्द्रावती भवन नया रायपुर छ0ग0

प्रेस विज्ञप्ति

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पर्यवेक्षकों की चयन परीक्षा का आयोजन व्यापमं द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर 2013 को किया गया था। इस संबंध में व्यापमं द्वारा पर्यवेक्षक परीक्षा परिणाम की प्राप्त सूची के आधार पर विज्ञापित पद्नुसार पात्र उम्मीदवारों के नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं । विज्ञापित पद्नुसार अभिलेखों के भौतिक सत्यापन हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों के अनुपस्थित, अपात्र, कार्यभार ग्रहण नहीं करने, नवीन रिक्तियाँ उद्भुत होने के कारण शेष रिक्त पदों पर भी मेरिट क्रम में रिक्त पदों की उपलब्धता के आधार पर अभिलेखों का भौतिक सत्यापन की कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। मेरिट क्रम सूची में शामिल खुली सीधी भर्ती के अभ्यर्थियो के अभिलेखों के सत्यापन का कार्य **दिनांक 12.02.2015 एवं परिसीमित सीधी भर्ती के अभ्यर्थियों के अभिलेखों के भौतिक सत्यापन का कार्य दिनांक 13.02.15 को** संचालनालय, महिला एवं बाल विकास, इन्द्रावती भवन नया रायपुर छत्तीसगढ़ में कार्यालयीन अवधि में किया जाएगा। अपरिहार्य कारणों से(कारण औचित्य सहित स्पष्ट करना होगा) उक्त तिथियो में यदि कोई अभ्यर्थी उपस्थित नही हो पाता है तो वह दिनांक 16.02.2015 तक अभिलेख सत्यापन हेतु उपस्थित हो सकता है ।

सभी चयनित अभ्यर्थियो को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से व्यापमं द्वारा उपलब्ध कराये गये पते पर व्यक्तिगत रूप से पत्र प्रेषित किये जा रहे है। साथ ही यदि किसी अभ्यर्थी को व्यक्तिगत रूप से पत्र प्राप्त नही हो पाता है तो ऐसी स्थिति में विभाग के वेबसाइट से पत्र एवं निर्देश डाउन लोड कर आवश्यक अभिलेख सहित भौतिक सत्यापन हेतु कार्यालय में उपस्थित हो सकता है। इस चयन सूची एवं अभ्यर्थियो को जारी पत्र/प्रपत्र/निर्देश सहित जानकारी को विभागीय वेबसाइट www.cgwcd.gov.in में अपलोड किया गया है। **इस चयन सूची के संबंध में वे अभ्यर्थी अपना अभ्यावेदन दिनांक 11.02..2015 तक संचालनालय की स्थापना शाखा को प्रेषित कर सकते है। जिनका प्राप्तांक/मैरिट कमांक चयन सूची में अंकित अभ्यर्थियों से अधिक/ऊपर है ।**

अभ्यर्थियों को अपने साथ निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, स्थाई जाति प्रमाण पत्र, निःशक्तता संबंधी प्रमाण पत्र, नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र आदि की मूल प्रति अपने साथ लाना अनिवार्य होगा । इसके साथ इन सभी प्रमाण पत्रों की दो–दो अभिप्रमाणित छायाप्रतियां भी साथ में लाएंगे जिन्हें जांच के समय सौंपना होगा। भर्ती की शर्तो के अनुसार दो से अधिक जीवित संतान नहीं होने, निर्धारत न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह नहीं होने, पति के एक ही जीवित पत्नि होने संबंधी शपथपत्र भी उम्मीदवार को प्रस्तुत करना है। परिसीमित भर्ती के अंतर्गत चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यकर्ता पद पर उनके नियुक्ति आदेश तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र की जांच की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को 02 नवीनतम पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ, व्यापमं द्वारा जारी परीक्षा प्रवेश पत्र, फोटो पहचान पत्र (पैनकार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/मतदाता परिचय पत्र) भी साथ लेकर आना होगा। चयनित उम्मीदवारों को अभिलेखों की जांच के संबंध में व्यक्तिगत रूप से भी सूचना जारी की जा रही है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालयीन दूरभाष कमांक 0771–2234202 पर संपर्क किया जा सकता है।

संचालक
महिला एवं बाल विकास
रायपुर (छ.ग.)

D:\EST-02\jain madam\Recruitment\Sup Recruitment W\chayan\Recruitment Superviosr\Waiting list - Niyukti/letter